# तोलगे में आयोजित हुआ जन समस्या निवारण शिविर, विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

- शिविर में मिले साढ़े 26 सौ से ज्यादा आवेदन, 2 हजार आवेदनों का हुआ निराकरण
- पूर्व में आयोजित दो शिविर के 97 प्रतिशत आवेदन किए जा चुके है निराकृत, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल समय-सीमा की बैठक में कर रहे नियमित समीक्षा
- जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों को दिए है निर्देश

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान के लिए लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत तोलगे में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिक सहित 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर पात्र हितग्राहियों को सामग्री प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से 2074 आवेदन तथा आज आयोजित शिविर में 582 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस तरह कुल 2656 आवेदनों में से 2010 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व आयोजित 2 जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों का 97 प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है, जिसका कलेक्टर कार्तिकेया गोयल समय-सीमा की बैठक में नियमित रूप से समीक्षा करते है। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का



स्थानीय विधायक विद्यावती सिदार एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव सहित अतिथियों ने निरीक्षण किया।

लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार ने जनसमस्या निवारण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का गांव में ही निदान हो रहा है। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि शासन की योजनाएं जनसामान्य तक पहुंचे एवं उनका क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हो इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है, इसके माध्यम से आप 5 लाख तक स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र नि:शुल्क बनाकर दिए जा रहे। साथ ही निर्धारित आयु सीमा पूर्ण करने वाले बुजुर्गो के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को शिविर में विभागीय योजनाओं के जानकारी के साथ ही उसका लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी पालकों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय स्कूलों में आयोजित वृहद पालक-शिक्षक बैठक में शामिल होने हेतु आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आपके बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभायेगी। इससे आपको अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी मिलेगी ही साथ ही साथ आपकी सहभागिता से बच्चे सही दिशा की ओर अग्रसर होंगे। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र में चार बार होगी। आपका बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा है उसकी जानकारी लेते रहे।

एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं को उनके ग्राम तक पहुंचाना है। जिसके तहत आज शासन-प्रशासन के सभी विभाग एक जगह उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जनसामान्य की समस्या, मांग के आवेदनों को यथा संभव समाधान किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य यशोमती सिदार, जनपद अध्यक्ष किरण पैकरा, उपाध्यक्ष लखन सारथी, बीडीसी मनोज सतपथी, बीडीसी स्नेहलता सिदार, बीडीसी सूखदेव सिदार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ओम सागर पटेल, रमेश पटनायक, ठंडाराम बेहरा, पारेश्वर प्रधान, बोधराम प्रधान, ललित यादव, उमेश अग्रवाल, विरेन्द्र साह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही -** तोलगे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 6 विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरण एवं 4 महिलाओं की गोद भराई की गई। उद्यान विभाग द्वारा 4 कृषकों को मौसम आधारित फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा पॉलिसी पेपर वितरण, 3 महिला स्व-सहायता समूहों को सिडलिंग पौधा वितरण एवं मनरेगा योजनान्तर्गत पौध वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। खाद्य विभाग द्वारा 11 लोगों का राशन कार्ड एवं मत्स्य विभाग द्वारा 3 लोगों को सामग्री वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 5 स्व-सहायता समूह को 6-6 लाख रुपये बैंक लिंकेज की राशि प्रदान की गई। शिविर में 23 छात्र-छात्राओं को जाति-निवास प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत 28 छात्राओं को नि:शुल्क सायकल का वितरण किया गया। मौके पर दो लोगों को ऋण पुस्तिका प्रदाय किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु 26 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 48 रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद रिक्त होने से उक्त पद की पूर्ति हेतु 12 से 26 अगस्त 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो का जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### जिले में 600 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 600 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 791.3 मिली मीटर, पुसौर में 698.8, खरसिया में 563.4, घरघोड़ा में 555, तमनार में 541.8, लैलूंगा में 522, मुकडेगा में 576.8, धरमजयगढ़ में 480.2 छाल में 580.4 एवं कापू में 690.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुलाई माह में आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय में दायर

**रायगढ़।** उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में स्थापित कारखानों में घटित दुर्घटनाओं एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत कारखानों में निरीक्षण/ जांच कर पाये गये उल्लंघन हेतु कारखाना मेसर्स रूपणाधाम स्टील प्रा.लि., ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 3 जुलाई 2024, मेसर्स अंजनी स्टील लिमिटेड, ग्राम-उजवलपुर, मेसर्स एमएसपी स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, ग्राम व पोस्ट-जामगांव, मेसर्स राधेश गोविंद स्टील एण्ड एलॉयज प्रा.लि., 102, ओपी जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क पूंजीपथरा, मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, यूनिट-2, खरसिया रोड रायगढ़, मेसर्स स्पेशल ब्लॉस्ट लिमिटेड, ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 9 जुलाई एवं मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल प्रा.लि, ग्राम-सराईपाली के विरूद्ध 19 जुलाई से 23 जुलाई 2024 को आपराधिक प्रकरण माननीय श्रम न्यायालय रायगढ़ में दायर किया गया है।

### नगर पेट्रोलिंग दौरान महुआ शराब के अवैध विक्रय पर कार्यवाई: आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शाम चौकी खरसिया पुलिस स्टाफ को टाऊन पेट्रालिंग दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर अजय केंवट निवासी खंतीपार के घर शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचला मिली थी कि अजय केंवट अपने घर खंतीपार खरसिया में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। पुलिस पेट्रालिंग गवाहों के साथ मौके पर जाकर दबिश दी गई। मौके पर अजय केंवट के घर के सामने महुआ शराब बिक्री के लिए रखी पाई गई। अजय केंवट के कब्जे से प्लास्टिक की बोतल में लगभग 08 लीटर महुआ शराब (रु.1600) बरामद की गई है जिसे आरोपी बिक्री के लिए रखना बताया। चौकी खरसिया में आरोपी अजय केंवट, उम्र 20 वर्ष, निवासी खंतीपार, वार्ड क्रमांक 10, खरसिया पर आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई किया गया है।

# 6 युवकों के बीच झड़प, पुलिस के हस्तक्षेप पर नहीं रुके तो हिरासत में लेकर लाया गया थाना

- चक्रधरनगर पुलिस ने 170 BNSS के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर भेजा जेल

**रायगढ़**




रात्रि करीब 08:30 बजे पेट्रोलिंग दौरान टीआई चक्रधरनगर प्रशांत राव को मुखबीर से बोईरदादर विजयपुर की ओर कुछ लड़के आपस में लड़ाई-झगड़ा करने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल हमराह पुलिस स्टाफ के साथ बोईरदादर चौंक पहुंचे। जहां 6 लड़के एक-दूसरे से हिंसक झड़प कर रहे थे, पुलिस द्वारा समझाने के प्रयास के बावजूद वे शांत नहीं हुए स्थिति बिगड़ती इससे पहले पुलिस स्टाफ सभी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। झगड़ा विवाद करने वाले सभी 6 अनावेदकों पर थाना चक्रधरनगर में धारा 170 बीएनएसएस/126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर आज एसडीएम न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई प्रशांत राव के साथ एएसआई उदय सिदार, कांसटेबल नंद कुमार पैंकरा, चंद्र कुमार बंजारे शामिल थे।

# चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार : दोस्त को शराब पिलाकर मोबाइल की चोरी और 2.40 लाख रुपए को आनलाइन किए ट्रांसफर

**रायगढ़**

चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी राहुल महतो (29 साल) निवासी ठाकुरदिया को आज मुखबीर सूचना पर चौकी खरसिया पुलिस द्वारा स्टेशन के पास धर दबोचा जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मोबाइल चोरी को लेकर 13 फरवरी 2024 को डभरारोड खरसिया निवासी गोविंद गुप्ता (उम्र 28 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 नवंबर 2023 की रात, लगभग 9 बजे, वह राठौर चौक के पास अपने दोस्त बिट्टु सिंह, राहुल महतो, सौरभ अग्रवाल के साथ शराब पीया था। दोस्त इसके मोबाइल फोन पर यूपीआई नंबर देख लिये थे। इसे नशे में घर छोड़ कर आये। अगले दिन सुबह जब वह उठा, तो उसका मोबाइल गायब था। दुसरा मोबाईल व सिम लिया और अपने मोबाईल में फोन पे एप डाउन लोड किया तो पता चला कि खाते से फोन पे के माध्यम से बिट्टु सिंह, राहुल महतो व अन्य के खाते में दिनांक 11.11.23, 12.11.23 एवं 13.11.23 को रकम 2,40,000 रूपये ट्रजेक्शन हो चुका था। मोबाइल चोरी की रिपोर्ट पर चौकी खरसिया में आरोपियों पर अप.क्र. 97/2024 धारा 457, 380 आईपीसी कायम कर आरोपी बिट्टु सिंह और सौरभ अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार किया और बताये गोविंद के मोबाइल से ट्रांसफर में मिले रूपए से सौरभ अग्रवाल ने 70 हजार रूपये और बिट्टु सिंह ने 50 हजार रूपए लिये थे।



दोंनो गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी राहुल महतो फरार था जिसे आज गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल महतो ने बताया कि उसने चोरी मोबइल से अपने मोबाइल पर 140000 रूपये फोन पे किया था, गोविंद का मोबाइल खरसिया चौंक पर कहीं गिर गया। मोबाइल चोरी कर उसके माध्यम से पैसे निकाले और इसे खर्च किया। आरोपी को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक मनोज पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, शंकर क्षत्री, आरक्षक सोहन यादव, किर्ती सिदार की अहम भूमिका रही है।

# डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने स्कूली छात्राओं को साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक : सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के टिप्स किए साझा

- तराईमाल स्कूल में आयोजित साइबर जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं को दी ऑनलाइन सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी
- जागरुकता कार्यक्रम में छात्राओं के साथ अध्यापकों ने लिया साइबर सुरक्षा की शपथ

**रायगढ़**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर साइबर जागरूकता को लेकर नियमित रूप से जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पूंजीपथरा पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तराईमाल में आयोजित सायबर जनजागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल



डीएसपी अभिनव उपाध्याय, डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, साइबर एक्सपर्ट प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह ने स्कूली छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने छात्राओं को नवीन कानूनों की संक्षित रूप में जानकारी दी गई तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के महत्वपूर्ण टिप्स दिए और ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, साइबर बुलिंग, यूपीआई फ्रॉड, प्रोफाइल हैकिंग, ट्रेडिंग फ्रॉड आदि के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को डेमो देकर सोशल मीडिया प्रोफाइल सुरक्षित रखने हेतु सेटिंग से प्रोफाइल लॉक और प्राइवेसी सेटिंग तथा व्हाट्सएप में टू स्टेप वेरीफिकेशन बताया गया।

डीएसपी अभिनव ने छात्राओं को ऑनलाइन संपर्क में अनजान लोगों से सावधानी बरतने का सुझाव दिया और बताया कि साइबर अपराध होने पर सजगता दिखायें साइबर हेल्प नंबर1930 या छत्तीसगढ़ पुलिस साइबर पुलिस पोर्टल में शिकायत दर्ज करें, नजदीकी थाने पुलिस से सहायता प्राप्त करें। डीएसपी अभिनव ने छात्राओं को बताया कि डिजिटल युग में जागरूक नागरिक बनना है, ताकि वे इंटरनेट का उपयोग सुरक्षित रूप से कर सकें और किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार न बनें। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने छात्राओं को छेड़खानी जैसे घटनाओं को बिना दबाए पुलिस से मदद लेने कहा। पुलिस की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर डायल 112, थाना प्रभारी पूंजीपथरा मोबाइल नंबर की कार्यक्रम के अंत में डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम में मौजूद, छात्राओं, अध्यापकों और स्थनीय जनप्रतिनिधियों को साइबर फ्रॉड से बचाने 07 बिंदुओं पर साइबर सुरक्षा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में डीएसपी अभिनव उपाध्याय, डीएसपी अमन लखीसरानी, इंस्पेक्टर राकेश मिश्रा, एएसआई सरस्वती महापात्रे, हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, उप सरपंच घनश्याम मालाकार तथा गणमान्य नागरिकों में पितरु मालाकार, श्याम मालाकार, खीरसागर मालाकर, दुलालु बेहरा, छात्राएं एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी

- 'नो-पार्किंग' जोन में बेतरतीब खड़ी दुपहिया वाहनों को उठवाया

**रायगढ़**



भी शहर के प्रमुख चौंक-चौराहों में ग़लत तरीके से पार्क की गई गाड़ियों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देश पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने 'नो-पार्किंग' जोन में बेतरतीब खड़ी वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। आज भी 'नो-पार्किंग' जोन में खड़ी दुपहिया वाहनों को यातायात पुलिस टीम द्वारा बाइक क्रेन से उठवाकर थाना यातायात लाया तथा 'नो-पार्किंग' जोन में खड़े किये हुए चार पहिया वाहनों पर ट्रैफिक जवानों द्वारा लॉक लगाया गया। वाहन स्वामी द्वारा थाना यातायात में जाकर समन शुल्क दिये जाने के बाद वाहन लॉक खोला गया, वाहन स्वामी को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है। डीएसपी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी ताकि सड़क पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने डेंगू मरीजों को इलाज के साथ प्लेटलेट व अन्य ब्लड कंपोनेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

- वित्त मंत्री चौधरी ने डेंगू रोकथाम के लिए जरूरी प्रभावी कदम उठाने जिला प्रशासन को किया निर्देशित

**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ में डेंगू के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन को सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि डेंगू से पीड़ित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इलाज के लिए आवश्यक प्लेटलेट और दूसरे अन्य ब्लड कंपोनेंट की सुविधा भी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के माध्यम से मुहैय्या कराने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग किए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से निर्देशित किया है। शहर में डेंगू प्रभावित इलाकों में सघन अभियान जारी रखते हुए डेंगू लार्वा नियंत्रण के लिए टेमीफॉस और लार्विसाइड के छिड़काव पर विशेष जोर देने के साथ शहर की साफ -सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं।

**ब्लड सेपेरेटर मशीन का लोगों को मिले अधिक से अधिक लाभ, वित्त मंत्री चौधरी के निर्देश-** गौरतलब है कि वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ से मरीजों को उनकी आवश्यकता अनुसार त्वरित रूप से प्लेटलेट और ब्लड कंपोनेंट उपलब्ध कराने के निर्देश मेडिकल कॉलेज प्रबंधन देते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक इस ब्लड सेपरेटर मशीन का लाभ मिलना चाहिए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक कम्पोनेंट सेपेरेटर उपकरण से होल ब्लड, पैक्ड रेड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट कंसंट्रेट, क्रायो प्रेसिपिटेट कम्पोनेंट की सुविधा उपलब्ध है। जहां से डेंगू मरीजों के उपचार के लिए प्लेटलेट 300 रुपए की स्क्रीनिंग शुल्क के साथ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही यहां अन्य ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की भी सुविधा है। आयुष्मान कार्ड से प्लेटलेट सहित यह ब्लड कंपोनेंट नि:शुल्क प्राप्त किए का सकते हैं। लोगों की सुविधा के लिए सभी ब्लड कंपोनेंट्स के उपलब्धता की जानकारी www.eraktkosh.in वेबसाईट पर अपडेट की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ में स्थापित है ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन

- होल ब्लड, पैक्ड रेड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट कंसंट्रेट और क्रायो प्रेसिपिटेट कम्पोनेंट प्राप्त करने की सुविधा है उपलब्ध
- 'ई-रक्तकोष' वेबसाइट से ऑनलाइन चेक की जा सकती है ब्लड कंपोनेंट्स की उपलब्धता

**रायगढ़**

संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़, (छ.ग.) में पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत रक्तकेन्द्र का संचालन किया जा रहा है। रक्तकेन्द्र में अत्याधुनिक कम्पोनेंट सेपेरेटर उपकरण से होल ब्लड, पैक्ड रेड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट कंसंट्रेट, क्रायो प्रेसिपिटेट कम्पोनेंट की सुविधा उपलब्ध है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के अधीक्षक डॉ मनोज कुमार मिंज से प्राप्त जानकारी अनुसार रक्तकेन्द्र द्वारा निर्धारित समयावधि में प्लेटलेट उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें चिकित्सालय के रक्तकेन्द्र में प्लेटलेट (RDP) उपलब्ध होने पर मरीज के परिजन को लगभग 45 मिनट के भीतर प्लेटलेट उपलब्ध कराया जाता है। यदि चिकित्सालय के रक्तकेन्द्र में प्लेटलेट (RDP) की उपलब्धता नही होने पर, रक्तदाता से (एक्सचेंज में) सम्पूर्ण रक्त प्राप्त कर, रक्त परीक्षण (एलाईजा एवं अन्य) प्रोसेसिंग (दो चरणों में कम्पोंनेट सेपरेशन) कर, न्यूनतम 03 घंटो में प्लेटलेट (RDP) मरीज के परिजन को उपलब्ध कराया जाता है।

डॉ मिंज ने बताया कि नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल के मापदण्ड अनुसार वर्ष 2022 में शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसमें होल ब्लड के लिए 1100 रुपए, पैक्ड रेड सेल्स हेतु 1100 रुपए, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा के लिए 300 रुपए, प्लेटलेट कंसंट्रेट 300 रुपए, क्रायो प्रेसिपिटेट हेतु 200 रूपए निर्धारित किया गया है। वहीं संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़, (छ.ग.) में भर्ती मरीजों का आयुष्मान कार्ड ब्लॉक कर कम्पोनेंट नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

**ऑनलाइन चेक कर सकते हैं ब्लड कंपोनेंट्स की उपलब्धता-** सभी ब्लड कंपोनेंट्स के उपलब्धता की जानकारी www.eraktkosh.in वेबसाईट पर जाकर चेक की जा सकती है।अधिक जानकारी के लिए संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़, (छ.ग.) के दूरभाष क्रमांक 07762220237 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480